## समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय (गैर-महापत्तन) में जनवरी, 2022 के दौरान और तक संभाला गया कार्गो

## भारत के समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय में कुल कार्गो यातायात

समुद्री यातायात का कार्यकलाप, विश्व अर्थव्यवस्था नामत: विश्व आउटपुट एवं व्यापार में वृद्धि में होने वाले विकास द्वारा चालित होता है। इस प्रकार, पत्तनों द्वारा संभाले गए समुद्री कार्गो यातायात की मात्रा का आकार मुख्य रूप से वैश्विक एवं घरेलू गतिविधियों के स्तरों एवं परिवर्तनों पर निर्भर होता है। गैर-महापत्तनों में कार्गो यातायात अप्रैल-जनवरी, 2020-21 के दौरान संभाले गए 472.97 मिलियन टन से **अप्रैल-जनवरी, 2021-22 के दौरान 3.7% तक बढ़कर 490.57 मिलियन टन हो गया है।**

गैर-महापत्तनों में संभाला गया विदेशी कार्गो यातायात अप्रैल-जनवरी, 2020-2021 के दौरान संभाले गए 413.27 मिलियन टन से अप्रैल-जनवरी, 2021-22 के दौरान 1.6% तक बढ़कर 419.88 मिलियन टन हो गया है। गैर-महापत्तनों में संभाला गया तटीय कार्गो यातायात अप्रैल-जनवरी, 2020-21 के दौरान संभाले गए 59.67 मिलियन टन से अप्रैल-जनवरी, 2021-22 के दौरान 18.5% तक बढ़कर 70.69 मिलियन टन हो गया है।


## जनवरी, 2022 के दौरान पत्तनवार संभाला गया कार्गो

- गैर-महापत्तनों पर जनवरी, 2022 के दौरान, संभाला गया कार्गो 49.31 मिलियन टन है जिसकी नकारात्मक वृद्धि में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 9.3% देखी जा सकती है। गैर-महापत्तनों में जनवरी, 2021 के दौरान संभाले गए 7.24 मिलियन टन की तुलना में तटीय कार्गो यातायात जनवरी, 2022 के दौरान 21.3% बढ़कर 8.78 मिलियन टन हो गया है। तथापित, गैर-महापत्तनों में जनवरी, 2022 के दौरान संभाला गया विदेशी कार्गो जनवरी, 2021 के दौरान संभाले गए 47.12 मिलियन टन से 14.0% घटकर 40.53 मिलियन टन हो गया है।
- **जनवरी, 2022** के दौरान, केरल समुद्री बोर्ड (केएमबी) के गैर-महापत्तनों ने विगत वर्ष की समान अवधि की तुलना में, यातायात में 178.6% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है, इसके बाद पत्तन निदेशालय पुदुचेरी (48.7%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड अंडमान एवं निकोबार (29.3%), पत्तन निदेशालय कर्नाटक (29.1%) और महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (एमएमबी) (24.0%) के गैर-महापत्तन आते है। जनवरी, 2022 **में जिन समुद्री राज्य/राज्य निदेशालयों ने घाटा दर्ज किया है, उनमें** कैप्टन ऑफ पोर्टस, गोवा (100%) है जिसके बाद, तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (टीएनएमबी) (27.1%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (26.5%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (एपीएमबी) (23.6%), गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) (8.3%) और शामिल हैं।
- जनवरी, 2022 के दौरान, समुद्री राज्य/राज्य निदेशालयों में गुजरात समुद्री बोर्ड ने समुद्री राज्य/राज्य निदेशालय में संभाले गए कुल कार्गो में (67.1%) की हिस्सेदारी के साथ 33.07 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की, इसके बाद आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (13.4%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (10.2%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (5.8%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.6%), पत्तन निदेशालय, पुदुचेरी (1.4%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और पत्तन निदेशालय कर्नाटका (0.3% प्रत्येक) तथा केरल समुद्री बोर्ड (0.1%) आते हैं।

- विस्तृत सामान के स्तर पर विगत वर्ष की समान अवधि की तुलना में जनवरी, 2022 में **चीनी ने 349.4% की सर्वाधिक वृद्धि प्राप्त की है।** इसके बाद, निर्माण सामग्री (142.9%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (81.5%), उर्वरक (47.0%), परियोजना कार्गो (23.4%), खाद्य तेल (18.2%), अन्य वस्तुएं (17.6%) तथा लौह अयस्क पेल्लेटस/फाइन (6.2%) आते हैं। जनवरी, 2022 में दालों ने 100.0% की अधिकतम नकारात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, थर्मल कोयला (69.7%), अन्य अयस्क (23.1%), एफआरएम लिक्विड (20.5%), अन्य कोयला (19.6%), कोकिंग कोयला (15.8%), एलपीजी अथवा एलएनजी (14.3%), कंटेनर (13.6%), सीमेंट (9.5%), लोहा और इस्पात (4.2%), पीओएल उत्पाद (2.4%) और पीओएल क्रूड (1.9%), आते हैं।
- विस्तृत सामान के स्तर पर जनवरी, 2022 में कंटेनर ने **18.9% की हिस्सेदारी के साथ 9.30 मिलियन टन** के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की है। इसके बाद, पीओएल क्रूड (14.7%), अन्य वस्तुएं (13.8%), पीओएल उत्पाद (11.1%), अन्य कोयला (10.6%), लौह अयस्क पैलेट्स/फाइन (8.5%), कोकिंग कोयला (6.8%), एलपीजी अथवा एलएनजी (3.3%), थर्मल कोयला (3.0%), उर्वरक (2.5%), सीमेंट (2.1%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (1.1%), चीनी (1.0%), लोहा एवं इस्पात (0.9%), खाद्य तेल (0.6%), निर्माण सामग्री (0.4%), अन्य अयस्क तथा एफआरएम लिक्विड (0.2% प्रत्येक) तथा परियोजना कार्गो और एफआरएम ड्राई (0.1% प्रत्येक) आते हैं।

## अप्रैल-जनवरी, 2021-2022 के दौरान संभाला गया कार्गो यातायात

- अप्रैल-जनवरी, 2021-2022 के दौरान केरल समुद्री बोर्ड ने 218.7% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की है हालांकि, राज्य समुद्री/ राज्य निदेशालय के गैर महापत्तनों द्वारा 490.57 मिलियन टन की कुल कार्गो संभलाई में उसकी हिस्सेदारी नाममात्र है, इसके बाद, महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (28.5%), गुजरात समुद्री बोर्ड (4.8%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (3.7%) तथा कैप्टन ऑफ पोर्ट्स, गोवा (0.7%) आते हैं। अप्रैल- जनवरी, 2020-2021 की तुलना में अप्रैल-जनवरी 2021-2022 के दौरान पत्तन निदेशालय पुडुचेरी (28.8%) ने यातायात में सबसे अधिक नकारात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (18.7%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (2.7%), पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (2.4%) तथा आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (2.2%) आते हैं। **(तालिका- 1)**



**Graph 1. State Maritime/ Directorate-wise share of cargo traffic handled during Apr.-Jan., 2021-22**

- अप्रैल-जनवरी 2021-22 के दौरान, समुद्री राज्य/राज्य निदेशालय में से गुजरात समुद्री बोर्ड ने 68.0% की हिस्सेदारी के साथ 333.51 मिलियन टन की अधिकतम कार्गो संभलाई की, इसके बाद आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (14.9%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (7.5%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (7.0%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.3%), पत्तन निदेशालय, पुडुचेरी (0.9%), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (0.2%) और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.1%) आते हैं। **(ऊपर दिया गया ग्राफ 1)**

**तालिका -1 : गैर-महापत्तन – पत्तन-वार संभाला गया मासिक कार्गो यातायात**

**(हजार टनों में)**

| **क्रम सं.** | **पत्तनों के नाम** | | **(जनवरी, 2021) (पी)** | | **(जनवरी, 2022) (पी)** | | **कुल योग (अप्रैल- जनवरी 2020-21) (पी)** | | **कुल योग (अप्रैल- जनवरी, 2021-22) (पी)** | | **% में अंतर {(कॉ.10/ कॉ.8-1)* 100}** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| 1 | जीएमबी | विदेशी | 32259 | 68.5 | 28476 | 70.3 | 286932 | 69.4 | 296210 | 70.5 | 3.2 |
| | | तटीय | 3799 | 52.5 | 4597 | 52.4 | 31454 | 52.7 | 37302 | 52.8 | 18.6 |
| | | कुल | 36058 | 66.3 | 33073 | 67.1 | 318386 | 67.3 | 333512 | 68.0 | 4.8 |
| 2 | एमएमबी | विदेशी | 2126 | 4.5 | 2465 | 6.1 | 14607 | 3.5 | 17268 | 4.1 | 18.2 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तटीय | 1915 | 26.5 | 2547 | 29.0 | 14065 | 23.6 | 19583 | 27.7 | 39.2 |
| | | कुल | 4041 | 7.4 | 5012 | 10.2 | 28672 | 6.1 | 36851 | 7.5 | 28.5 |
| 3 | टीएनएमबी | विदेशी | 1042 | 2.2 | 708 | 1.7 | 7162 | 1.7 | 5697 | 1.4 | -20.5 |
| | | तटीय | 21 | 0.3 | 67 | 0.8 | 387 | 0.6 | 441 | 0.6 | 13.9 |
| | | कुल | 1063 | 2.0 | 775 | 1.6 | 7549 | 1.6 | 6138 | 1.3 | -18.7 |
| 4 | गोवा | विदेशी | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.00 |
| | | तटीय | 5 | 0.1 | 0 | 0.0 | 20 | 0.0 | 20 | 0.0 | 0.7 |
| | | कुल | 5 | 0.0 | 0 | 0.0 | 20 | 0.0 | 20 | 0.0 | 0.7 |
| 5 | केएमबी | विदेशी | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 1 | 0.0 | 0.00 |
| | | तटीय | 18 | 0.2 | 49 | 0.6 | 67 | 0.1 | 214 | 0.3 | 217.8 |
| | | कुल | 18 | 0.0 | 49 | 0.1 | 67 | 0.0 | 215 | 0.0 | 218.7 |
| 6 | पुदुच्चेरी | विदेशी | 462 | 1.0 | 686 | 1.7 | 6404 | 1.5 | 4558 | 1.1 | -28.8 |
| | | तटीय | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.00 |
| | | कुल | 462 | 0.8 | 686 | 1.4 | 6404 | 1.4 | 4558 | 0.9 | -28.8 |
| 7 | आंध्र प्रदेश | विदेशी | 7548 | 16.0 | 5288 | 13.0 | 65059 | 15.7 | 63189 | 15.0 | -2.9 |
| | | तटीय | 1085 | 15.0 | 1311 | 14.9 | 9617 | 16.1 | 9851 | 13.9 | 2.4 |
| | | कुल | 8633 | 15.9 | 6599 | 13.4 | 74676 | 15.8 | 73041 | 14.9 | -2.2 |
| 8 | अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह | विदेशी | 9 | 0.0 | 27 | 0.1 | 172 | 0.0 | 68 | 0.0 | -60.5 |
| | | तटीय | 97 | 1.3 | 110 | 1.3 | 992 | 1.7 | 1139 | 1.6 | 14.8 |
| | | कुल | 106 | 0.2 | 137 | 0.3 | 1164 | 0.2 | 1207 | 0.2 | 3.7 |
| 9 | कर्नाटक | विदेशी | 102 | 0.2 | 109 | 0.3 | 471 | 0.1 | 454 | 0.1 | -3.7 |
| | | तटीय | 4 | 0.0 | 27 | 0.3 | 123 | 0.2 | 126 | 0.2 | 2.5 |
| | | कुल | 105 | 0.2 | 136 | 0.3 | 594 | 0.1 | 580 | 0.1 | -2.4 |
| 10 | ओडिशा | विदेशी | 3571 | 7.6 | 2771 | 6.8 | 32461 | 7.9 | 32434 | 7.7 | -0.1 |
| | | तटीय | 297 | 4.1 | 73 | 0.8 | 2944 | 4.9 | 2012 | 2.8 | -31.7 |
| | | कुल | 3868 | 7.1 | 2844 | 5.8 | 35405 | 7.5 | 34445 | 7.0 | -2.7 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **कुल** | **विदेशी** | **47118** | **86.7** | **40530** | **82.2** | **413267** | **87.4** | **419877** | **85.6** | **1.6** |
| | **तटीय** | **7241** | **13.3** | **8781** | **17.8** | **59670** | **12.6** | **70689** | **14.4** | **18.5** |
| | **कुल** | **54358** | **100.0** | **49311** | **100.0** | **472937** | **100.0** | **490565** | **100.0** | **3.7** |

**स्रोत :- पोर्ट डाटा मेनेजमेंट पोर्टल, पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (पी) अनंतिम**

- अप्रैल- जनवरी, 2021-2022 के दौरान, एफआरएम ड्राई ने 96.1% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की गई है इसके बाद, दालों को छोड़कर खाद्यान्न (68.5%), परियोजना कार्गो (64.9%), निर्माण सामग्री (41.9%), चीनी (27.1%), लोहा और इस्पात (12.8%), कंटेनर (11.3%), अन्य कोयला (10.8%), कोकिंग कोयला (10.7%), सीमेंट (9.4%), अन्य सामग्री (9.0%), पीओएल उत्पाद (7.7%), पीओएल क्रूड (6.9%) और लौह अयस्क (0.4%) आते हैं। अप्रैल- जनवरी, 2020-21 की तुलना में अप्रैल- जनवरी, 2021-22 में दालों ने यातायात में 43.4% की अधिकतम नकारात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, थर्मल कोयला (37.7%), अन्य अयस्क (25.9%), उर्वरक (17.9%), एलपीजी अथवा एलएनजी (11.1%), एफआरएम लिक्विड (9.7%) तथा खाद्य तेल (7.5%) आते हैं। **(तालिका-2)**
- सभी वस्तुओं में से, अप्रैल- जनवरी, 2021-2022 के दौरान पत्तनों में अधिकतम संभाला गया सामान कंटेनर है, जो 19.0% की हिस्सेदारी के साथ 93.44 मिलियन टन रहा। इसके बाद, पीओएल क्रूड (15.3%), अन्य कोयला (13.3%), पीओएल उत्पाद (11.9%), अन्य वस्तुएं (11.4%), लौह अयस्क/ पैल्लट (6.8%), कोकिंग कोयला (6.1%), थर्मल कोयला (4.4%), एलपीजी एवं एलएनजी (3.8%), उर्वरक (2.2%), सीमेंट (1.8%), लोहा और इस्पात (1.3%), दालों को छोड़कर अन्य खाद्यान्न (0.8%), खाद्य तेल (0.6%), चीनी (0.5%), अन्य अयस्क (0.3%), निर्माण सामग्री और एफआरएम लिक्विड (0.2% प्रत्येक) आते हैं।

**तालिका-2: गैर-महापत्तनों में कार्गो यातायात की वस्तु-वार वृद्धि**

**(हजार टनों में)**

| **वस्तुएं** | **(जनवरी, 2021) (पी)** | | **(जनवरी, 2022) (पी)** | | **कुल योग (अप्रैल-जनवरी, 2020-21) (पी)** | | **कुल योग (अप्रैल-जनवरी, 2021-22) (पी)** | | **% में अंतर {(कॉ.10/ कॉ.8-1)* 100}** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (12) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| पीओएल क्रूड | 7402 | 13.6 | 7262 | 14.7 | 70088 | 14.8 | 74895 | 15.3 | 6.9 |
| पीओएल उत्पाद | 5595 | 10.3 | 5463 | 11.1 | 54406 | 11.5 | 58597 | 11.9 | 7.7 |


| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एलपीजी या एलएनजी | 1891 | 3.5 | 1621 | 3.3 | 20989 | 4.4 | 18657 | 3.8 | -11.1 |
| खाद्य तेल | 240 | 0.4 | 283 | 0.6 | 2973 | 0.6 | 2749 | 0.6 | -7.5 |
| एफआरएम-लिक्विड | 129 | 0.2 | 103 | 0.2 | 1179 | 0.2 | 1064 | 0.2 | -9.7 |
| लौह अयस्क पेलेट्स /फाइन | 3946 | 7.3 | 4190 | 8.5 | 33113 | 7.0 | 33257 | 6.8 | 0.4 |
| अन्य अयस्क | 146 | 0.3 | 113 | 0.2 | 2183 | 0.5 | 1617 | 0.3 | -25.9 |
| थर्मल कोयला | 4904 | 9.0 | 1488 | 3.0 | 34997 | 7.4 | 21800 | 4.4 | -37.7 |
| कोकिंग कोयला | 4001 | 7.4 | 3371 | 6.8 | 27215 | 5.8 | 30133 | 6.1 | 10.7 |
| अन्य कोयला | 6524 | 12.0 | 5244 | 10.6 | 58824 | 12.4 | 65193 | 13.3 | 10.8 |
| उर्वरक | 823 | 1.5 | 1210 | 2.5 | 12994 | 2.7 | 10670 | 2.2 | -17.9 |
| एफआरएम-ड्राई | 0 | 0.0 | 30 | 0.1 | 47 | 0.0 | 93 | 0.0 | 96.1 |
| दालों को छोड़कर खाद्यान्न | 307 | 0.6 | 557 | 1.1 | 2302 | 0.5 | 3878 | 0.8 | 68.5 |
| दालें | 30 | 0.1 | 0 | 0.0 | 229 | 0.0 | 130 | 0.0 | -43.4 |
| चीनी | 115 | 0.2 | 516 | 1.0 | 1762 | 0.4 | 2239 | 0.5 | 27.1 |
| सीमेंट | 1171 | 2.2 | 1060 | 2.1 | 7880 | 1.7 | 8621 | 1.8 | 9.4 |
| लौहा तथा इस्पात | 470 | 0.9 | 450 | 0.9 | 5529 | 1.2 | 6235 | 1.3 | 12.8 |
| परियोजना कार्गो | 34 | 0.1 | 42 | 0.1 | 115 | 0.0 | 189 | 0.0 | 64.9 |
| निर्माण सामग्री | 86 | 0.2 | 210 | 0.4 | 796 | 0.2 | 1130 | 0.2 | 41.9 |
| कंटेनर टन | 10757 | 19.8 | 9297 | 18.9 | 83950 | 17.8 | 93436 | 19.0 | 11.3 |
| कंटेनर टीईयू* | 813 | 1.5 | 690 | 1.4 | 6393 | 1.4 | 6902 | 1.4 | 8.0 |
| अन्य | 5787 | 10.6 | 6804 | 13.8 | 51367 | 10.9 | 55983 | 11.4 | 9.0 |
| कुल | **54358** | **100.0** | **49311** | **100.0** | **472937** | **100.0** | **490565** | **100.0** | **3.7** |

**स्रोत :- पोर्ट डाटा मेनेजमेंट पोर्टल, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय टिप्पणी- * हजार की संख्या में (पी) अनंतिम**

## <u>अप्रैल-जनवरी, 2021-22 के दौरान संभाला गया विदेशी एवं तटीय कार्गो</u>


- अप्रैल-जनवरी, 2021-22 के दौरान गैर-महापत्तनों में, गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) ने 70.5 की हिस्सेदारी के साथ 296.21 मिलियन टन के अधिकतम विदेशी कार्गो की संभलाई की। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (15.0%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (7.7%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (4.1%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.4%), पुदुचेरी (1.1%), और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.1%) आते हैं। **(ग्राफ-2)**

**Graph 2. State Maritime/ Directorate-wise share of Overseas cargo traffic handled during Apr.-Jan., 2021-22**




- अप्रैल-जनवरी, 2021-22, के दौरान गैर-महापत्तनों में, 52.8% हिस्सेदारी के साथ जीएमबी ने 37.30 मिलियन टन के अधिकतम तटीय कार्गो की संभलाई की। इसके बाद महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (27.7%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (13.09%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (2.8%), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (1.6%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (0.6%), केरल समुद्री बोर्ड (0.3%) और पत्तन निदेशालय कर्नाटक (0.2% प्रत्येक) आते हैं। **(ग्राफ-3)**

**Graph 3. State Maritime/ Directorate-wise share of Coastal cargo traffic handled during Apr.-Jan., 2021-22**




******************************